हिन्दुस्तान

ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो 21 से 25 सितंबर तक

यूपी के उत्पादों को पहचान दिलाएंगे 66 देशों के खरीदार

लखनऊ, विशेष संवाददाता। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए अभी से ही 66 देशों के 376 खरीदारों ने हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। ट्रेड शो की शुरुआत तक देशों के साथ ही खरीदारों की संख्या में भी और इजाफा होने की संभावना है।

ये खरीदार न सिर्फ इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संभावनाओं पर भी काम करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 21 सितम्बर को इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगी। यह आयोजन ग्रेटर नोएडा में 21 से 25 सितंबर के बीच होगा।

24 अगस्त तक इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए कुल 10 रीजन के देशों के खरीदार शामिल हैं। इसमें यूरोप से सबसे ज्यादा15 देशों के 60 खरीदारों ने रजिस्ट्रेशन कराकर भागीदारी सुनिश्चित कर दी है। इसके अलावा वेस्ट एशिया नॉर्थ अफ्रीका (वाना) रीजन से 11 देशों, कॉमनवेल्थ ऑफ इंडिपेंडेंट स्टेट्स (सीआईएस) के 6 देशों और साउथ ईस्ट एशिया (एसईए) के 4 देशों से 50-50 बायर्स ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। अफ्रीका के 11 देशों से 41 बायर्स भी इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेने आ रहे हैं। वहीं लैटिन अमेरिका एंड द कैरेबियन के 8 देशों और साउथ एशिया के 4 देशों से 38-38 बायर्स नेआने की पुष्टि कर दी है। नॉर्थ ईस्ट एशिया के 3 देशों से 28 खरीदारों समेत अन्य ने देशों ने भी शो में पंजीकरण कराया है।

15

सर्वाधिक देश यूरोप के 60 खरीदारों के साथ मेगा शो में शामिल होंगे

- 10 रीजन के देश होंगे ट्रेड शो में सम्मिलित

ये देश बनेंगे इंटरनेशनल ट्रेड शो का हिस्सा

यूरोप के जिन देशों के बायर्स ने इंटरनेशनल ट्रेड शो में आने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है, उनमें ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, इटली, माल्टा, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, यूके, रोमानिया, बुल्गारिया, स्वीडन और रिपब्लिक ऑफ मोलडोवा शामिल हैं। इसी तरह, सीआईएस से अजरबैजान, बेलारूस, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान, जबकि एलएसी से अर्जेंटीना, ब्राजील, चिली, डोमिनिकन रिपब्लिक, एल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, पेरू और उरुग्वे जैसे देशों के बायर भी होंगे। नापटा से यूएसए, कनाडा, मेक्सिको के बायर्स ने आने की पुष्टि की है तो एनईए से साउथ कोरिया, जापान और चीन के बायर्स भी आने को तैयार हैं। अन्य देश भी हिस्सा बनेंगे।